OFFICE OF THE PRINCIPAL, GOVT. PT. SHYAMACHARAN SHUKLA COLLEGE, DHARSIWA, RAIPUR (C.G.)

E.mail Id- dharsiwacollege1989@gmail.com Web site- www. gpssc.in contact No. 9893119114

पोषक विद्यालय संपर्क अभियान प्रतिवेदन

शास. पं. श्यामाचरण शुक्ल महाविद्यालय, धरसींवा, रायपुर द्वारा उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार महाविद्यालय में स्वीकृत सीट पर शत् प्रतिशत प्रवेश / नामांकन के लक्ष्य एवं GER प्रतिशत में पर्याप्त वृद्धि करने के उद्देश्य से "पोषक विद्यालय संपर्क अभियान" का प्रारंभ दिनांक 11/12/2024 से स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय, कूंरा एवं जगमोहनलाल उच्चतर माध्यमिक शाला, सिलतरा द्वारा किया गया। जिसमे सर्वप्रथम विद्यालय में अभियान दल का परिचय "पोषक विद्यालय समिति" के सदस्य डॉ. सी.एल. साहू (सहा.प्रा.हिन्दी) द्वारा दिया गया। तत्पश्चात समिति की संयोजक डॉ. निधि देवांगन द्वारा महाविद्यालय में उपलब्ध पाठ्यक्रमों (राष्ट्रीय शिक्षा नीति -2020 सहित), विभिन्न सुविधाओं यथा खेलकूद, NCC, NSS, YRC, ग्रंथालय की सुविधाओं एवं छात्राओं द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में अर्जित उपलब्धियों से विद्यालय के छात्र-छात्राओं को PPT presentation के माध्यम से अवगत कराया गया। दिनांक 13.12.2024 को रेडिएंट स्टार पब्लिक स्कूल के छात्र-छात्राओं को डॉ. सी.एल. साहू (सहा.प्रा.हिन्दी) द्वारा "पोषक विद्यालय समिति" के उद्देश्य से परिचय कराते हुए महाविद्यालय में उपलब्ध विभिन्न सुविधाओं से अवगत कराया गया। डॉ. स्वाति शर्मा (सहायक प्राध्यापक अर्थशास्त्र) द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति -2020 से सम्बंधित जानकारी दी गयी एवं विद्यार्थियों की जिज्ञासाओं का समाधान किया गया | इसी तारतम्य में दिनांक 16.01.2025 को शासकीय दाऊ पोषणलाल चन्द्रवंशी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, परसतराई एवं दिनांक 18.01.2025 को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, मोहदी का दौरा किया गया। जिसमे 10वी,11वी एवं 12वी के बच्चों से संवाद किया गया | वरिष्ठ प्राध्यापक श्री कौशल किशोर (सहायक प्राध्यापक वनस्पति शास्त्र) द्वारा "पोषक विद्यालय संपर्क अभियान" के उद्देश्य से परिचय कराते हुए उच्च शिक्षा के क्षेत्र में अग्रसर होने हेतु उचित मार्गदर्शन दिया गया। समिति की संयोजक डॉ. निधि देवांगन, सदस्य डॉ. सी.एल. साहू द्वारा महाविद्यालय में उपलब्ध पाठ्यक्रमों, विभिन्न सुविधाओं से अवगत कराते हुए विद्यालय के छात्र-छात्राओं को महाविद्यालय में भ्रमण हेतु आमंत्रित भी किया गया| प्रश्नोत्तरी सत्र में विद्यार्थियों की जिज्ञासाओं एवं दुविधाओं का समाधान करते हुए समस्त विद्यालय के प्रतिभागियों का फीडबैक भी लिया गया | कार्यक्रम के अंत में समिति द्वारा विद्यालय परिवार को आभार व्यक्त किया गया एवं कार्यक्रम के अंतर्गत शामिल प्रतिभागियों को स्वल्पाहार वितरित किया गया | उपरोक्त कार्यक्रम में समस्त विद्यालयों के शिक्षकों सहित 308 विद्यार्थियों ने भाग लिया। साथ ही महाविद्यालय के अतिथि सहायक क्रीड़ाधिकारी श्री राकेश पाल, सहायक अतिथि व्याख्याता श्रीमती शीतल वर्मा, महाविद्यालय की पूर्व

छात्रा कु. दिव्या निर्मलकर एवं महाविद्यालय के विद्यार्थी जितेश (B.Sc. 1st sem (NEP एम्बेसडर)), रोहनपाल (B.A. 1st, sem), तरुण सिन्हा (B.A. 1st, sem), योगेश कुमार (M.A. Hindi 1st sem) एवं हिमांशु (M.com 1st sem) ने वॉलंन्टियर के रूप में अपना सहयोग दिया।

Name: PM Shri Swami Aatmanand English Medium School

Date: 11.12.2024

Number of Students: 49

Name: Jagmohan Lal Higher Secondary School, Siltara

Date: 11.12.2024

Number of Students: 52



Name: Radient Star Public School, Dharsiwa

Date: 13.12.2024

Number of Students: 17

Name: Shaskiya Dau Poshan Lal Chandrvanshi Higher Secondary School, Parastarai

Date: 16.01.2025

Number of Students: 107

Name: Govt. Higher Secondary School, Mohdi

Date: 18.01.2025

Number of Students: 43

Dr. Nidhi Dewangan
(Convener)

डॉ. (श्रीमती) पुष्पा ठाकुर (कौशिक),
प्राचार्य
शास. पं. श्यामाचरण शुक्ल महाविद्यालय
धरसीवां रायपुर (छ.ग.)